अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को जल्द मिलेगा वेतन पेज 08 | अपराधः राष्ट्रपति के नाम पर फाउंडेशन बनाकर ठगी पेज 15

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

**सोनू की सलाह**

अभिनेता सोनू सूद का एक ट्वीट जमकर वायरल हो रहा है। इसमें सूद ने उनके नाम पर ठगी करने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मुझसे मिलना, मेहनत की रोटी कमाना सिखा दूंगा।



शनिवार, 19 सितंबर 2020, देहरादून, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण | www.livehindustan.com | वर्ष 11, अंक 224, 16 पेज, मूल्य ₹ 6.00/ हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.00

## पोषण वाटिका की जानकारी दी

**उत्तरकाशी।** कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से पोषण सुरक्षा में पोषण वाटिका की भूमिका विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के विषय विशेषज्ञों ने पोषण वाटिका के महत्व तथा इसे स्थापित करने के तौर तरीकों के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डा. पंकज नौटियाल ने बताया कि पर्वतीय इलाकों में कुपोषण की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे निपटने में पोषण वाटिका कारगर साबित हो सकती है। विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. रेनू जेठी ने उत्तराखंड में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। म्बागेश्वर के डा. कमल पांडे, निधि सिंह डा. गौरव पपनै, नीरज जोशी, रोहिणी, वरुण सुप्याल, ख्याली आदि थे।